दिनांकः 07.10.2023 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- 19वें एशियाई खेलों में भारत ने किया कीर्तिमान स्थापित–25 स्वर्ण, 35 रजत और 40 कांस्य पदकों के साथ सौ का आंकड़ा छुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सौ पदक जीतने पर भारतीय दल को दी बधाई।

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज प्रदेश के दौरे पर–हनुमानगढ़, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर और जोधपुर आएंगे।

- केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बसों के ढाचें के निर्माण के लिए मानकों को मंजूरी दी।

- राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच सौ पर्यटक मित्रों की होगी नियुक्ति।

................

चीन के हांगझाऊ में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में भारत ने सौ पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया है। महिला कबड्डी के फाइनल में भारत ने चीनी ताइपे को हराकर सौंवां पदक जीता। भारत 25 स्वर्ण, 35 रजत और 40 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर है। इसके अलावा तीरंदाजी में आज भारत ने दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। आज भारत की क्रिकेट टीम अफगानिस्तान से भिड़ेगी। इसके अलावा, पुरुष कबड्डी टीम का मुकाबला ईरान से होगा। एशियाई खेलों का आज अंतिम दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेलों में 100 पदक जीतने पर भारतीय दल को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह एशियाई खेलों में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को न्याय संगत और बाधाएं सहने में सक्षम कृषि खाद्य प्रणाली पर अन्तर्राष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का नई दिल्ली में उद्‌घाटन करेंगी। यह सम्मेलन 12 अक्टूबर तक चलेगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अन्तर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान पर परामर्श समूह जैंडर प्लेटफॉर्म इस सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉक्टर हिमांशु पाठक ने बताया कि यह सम्मेलन हाल ही में आयोजित हुए जी–20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण है।

................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। वे आज हनुमानगढ़, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर और जोधपुर आएंगे। श्री धनखड़ हनुमानगढ में गोगामेड़ी मन्दिर के दर्शन और पूजा–अर्चना करेंगे। और ब्यौरा हमारी संवाददाता से –

...............

इसके बाद श्री धनखड़ सूरतगढ में सेंट्रल स्टेट फॉर्म और जोधपुर में केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान केन्द्र–काजरी का दौरा करेंगे। बाद में श्री धनखड़ भोपालगढ़ के पास कुंभारा धूणी में दर्शन करेंगे। इससे पहले उपराष्ट्रपति ने कल सीकर जिले के लक्ष्मणगढ में मोदी विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को सम्बोधित किया।

................

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन आज नई दिल्ली में वस्तु और सेवा कर–जी.एस.टी. परिषद की 52वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगी। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस बैठक में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के अलावा राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के वित्तमंत्री तथा केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

................

भारतीय रिज़र्व बैंक ने सीधे जारीकर्ता बैंक स्तर पर कार्ड–ऑन–फ़ाइल टोकन निर्माण सुविधाएं शुरू करने का प्रस्ताव दिया है। टोकन वर्तमान में केवल व्यापारी के एप्लिकेशन या वेबपेज के माध्यम से बनाए जा सकते हैं। कल मुंबई से जारी विभिन्न विकासात्मक और नियामक नीति उपायों के संबंध में एक बयान में, आरबीआई ने कहा है कि इस नए उपाय से कार्डधारकों के लिए टोकन बनाने और विभिन्न ई–कॉमर्स प्रयोगों के साथ उनके मौजूदा खातों से जुड़ने की सुविधा बढ़ जाएगी।

................

भारतीय रिजर्व बैंक ने पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को भुगतान अवसंरचना विकास कोष योजना के अन्तर्गत शामिल करने का प्रस्ताव किया है। रिजर्व बैंक ने कहा है कि इससे जमीनी स्तर पर डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। रिजर्व बैंक ने भुगतान अवसंरचना विकास कोष योजना को 31 दिसम्बर 2025 तक बढ़ाने का भी प्रस्ताव किया है। यह योजना जनवरी 2021 में तीन वर्ष के लिए शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य भुगतान स्वीकार करने वाले उपकरणों को लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष अगस्त तक योजना के अन्तर्गत दो करोड, 66 लाख से अधिक उपरकण लगाये गये हैं।

................

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बसों के ढाचें के निर्माण के लिए मानकों को मंजूरी दे दी है। ये मानक मूल उपकरण निर्माताओं–ओईएम और बस ढांचा बिल्डरों दोनों पर समान रूप से लागू होंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री गडकरी ने कहा कि यह कदम भारत में बसों की गुणवत्ता में और सुधार का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसमें यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर प्राथमिकता से ध्यान दिया जाएगा।

................

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना तकनीक मंत्रालय ने देश में बाल यौन शोषण सामग्री–सीएसएएम को हटाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, यूट्यूब और टेलीग्राम को नोटिस जारी किया है। इससे किसी भी बाल यौन शोषण सामग्री की इन प्लेटफॉर्मों तक पहुंच को जल्दी और स्थायी रूप से हटाने या उसे अक्षम करने के महत्व पर जोर दिया गया है। मंत्रालय ने तीन सोशल मीडिया मध्यस्थों को चेतावनी दी है कि नोटिस के अनुपालन में किसी भी तरह से देरी होने पर आईटी अधिनियम की धारा 79 के तहत उनकी सुरक्षा वापस ले ली जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना तकनीक मंत्रालय में राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि आईटी अधिनियम के तहत सूचना तकनीक नियम के अनुसार सख्त अपेक्षा रखी जाती हैं कि अपने प्लेटफॉर्म से आपराधिक या हानिकारक पोस्ट की अनुमति न दें।

................

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि गोवंश का भारतीय संस्कृति और समाज में प्राचीन काल से महत्व रहा है। प्रदेश में अनेक त्यौहार गोवंश पर केन्द्रित हैं। श्री गहलोत कल जयपुर में गो सेवा समिति की ओर से आयोजित गो सेवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौशालाओं को दी जाने वाली सहायता राशि की प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम और पूर्णतः ऑनलाईन कर दिया गया है। इस दौरान उन्होंने गौशालाओं में नंदीओं को रखे जाने तथा उन्हें 12 महीने का अनुदान देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गौशालाओं को भी 12 महीने का अनुदान देने के साथ चारागाह माफियाओं पर भी अंकुश लगाया जाएगा।

................

राज्य में ग्राम पंचायत स्तर पर 278 नए पशु चिकित्सा उपकेन्द्र खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इन केन्द्रों के लिए 556 नए पदों के सृजन को भी मंजूरी दे दी है। प्रस्तावित प्रत्येक पशु चिकित्सा उपकेन्द्र पर 1–1 पशुधन सहायक और जलधारी का पद सृजित होगा। सरकार के इस फैसले से ग्राम पंचायत स्तर पर पशुओं के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

................

राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार पांच सौ पर्यटक मित्रों की नियुक्ति करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए कहा कि ये पर्यटक मित्र राज्य में आने वाले देशी–विदेशी पर्यटकों की कानून व्यवस्था, सुरक्षा तथा चिकित्सा सुविधाओं के लिए उनका मार्गदर्शन करेंगे। इनकी नियुक्ति राजस्थान एक्स सर्विसमेन कॉर्पोरेशन लि. के माध्यम से होगी। प्रत्येक पर्यटक मित्र को 15 हजार 200 रुपए मासिक पारिश्रमिक दिया जाएगा।

................

प्रदेश में कृषि उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए अजमेर, जोधपुर और जयपुर डिस्कॉम के तहत 48 नए ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने 120 करोड़ रूपए की मंजूरी दी है। अजमेर में 17, जयपुर में 7 और जोधपुर डिस्कॉम में 24 नए ग्रिड सब स्टेशन बनेंगे।

................

बीकानेर जिला कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने कल सभी जिला अधिकारियों के साथ आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले तैयारियों की बैठक ली। बैठक में श्री कलाल ने सभी विभागों के प्रगतिरत कार्यों तथा वर्क आर्डर जारी हो चुके सभी कार्यों की सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये हैं। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागों की ओर से निर्धारित फॉर्मेट में सूचना उपलब्ध करवाई जाए।

................

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कल झालावाड़ में स्वीप गतिविधियों के तहत झालरापाटन के सरकारी विद्यालय की छात्राओं को ईवीएम और वीवीपेट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से संचालित वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप, सी–विजिल एप और हेल्पलाइन नम्बर 1 9 5 0 के बारे में भी बताया गया। इसी कड़ी में जिले की अकलेरा पंचायत समिति के सरकारी विद्यालय में भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने और आमजन को जागरुक करने के उद्देश्य से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

................